# उमंग और उत्साह से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

## राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने किया ध्वजारोहण, आकर्षक परेड रहीं मुख्य आकर्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुरः** जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस उमंग, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार रहे। राष्ट्रगीत के गायन के बाद राज्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और परेड ने सलामी दी।

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कलेक्टर मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण किया गया। राज्यमंत्री ने जिलेवासियों के लिए बधाई संदेश का वाचन किया। इसके बाद देश की प्रगति और विकास के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

समारोह में राज्यमंत्री ने तीन लोकतंत्र सेनानियों एवं दो भूतपूर्व सैनिकों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

**आकर्षक परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समांः** समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न



देशभक्ति गीतों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

परेड में कुल नौ टुकड़ियों ने भाग लिया। महिला जिला पुलिस बल ने प्रथम, एनसीसी बॉयज सीनियर डिवीजन ने द्वितीय तथा 29वीं वाहिनी एसएएफ कंपनी कैंप छतरपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर पूर्णिमा मिश्रा ने किया, जबकि टूआईसी अंजना त्रिवेदी रहीं। राष्ट्रगान की धुन पर परेड टुकड़ियों ने तीन बार हर्ष फायर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुमति एकेडमी ने प्रथम, शासकीय कन्या एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय तथा अशासकीय महर्षि विद्या मंदिर स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**विकास गाथा की पुस्तिका का वितरण:** समारोह में 'बदलते दौर का मध्यप्रदेश' विषय पर केंद्रित छतरपुर जिले की विकास गाथा की पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विधायक छतरपुर ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम विनय द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर किया मध्यान्ह भोजनः** मुख्य समारोह के समापन के बाद राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार शासकीय विद्यालय ग्राम मौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। इस दौरान विधायक ललिता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## शान से लहराया तिरंगा, चहुंओर गूंजा जन-गण, मन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को समूचे जिले में हर्षोल्लास भरे माहौल में धूमधाम मनाया गया। तिरंगे की सलामी के बाद जन-गण, मन की गूंज से समूचा माहौल देश-प्रेम में ओत.प्रोत रहा। हर तरफ सांस्कृतिक, देशभक्ति आयोजनों की धूम रही। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, भाजपा कार्यालय, कांग्रेस कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय, नगर पालिका, प्रेस क्लब, स्कूलों, कालेजों, सरकारी दफ्तरों, निजी प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य आयोजन डीआरपी लाईन मैदान पर आयोजित किया गया। यहां कलेक्टर गुरु प्रसाद ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद सभी उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर कलेक्टर एवं एसपी रविंद्र वर्मा ने परेड़ का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और निमाड़- मालवा की परंपरा एवं संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक



कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

**न्यायालय परिसर में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवसः** 80वां स्वतंत्रता दिवस न्यायालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत जिला सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव ने ध्वजारोहण के साथ की। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान किया गया। इस दौरान न्यायाधीश केपी मरकाम, न्यायाधीश मुकेश नाथ, सीजेएम गिरीश शर्मा, रोहित कुमार, विनय सिंह राजपूत, एवं सीजेएम कमलेश वरवेनिया के साथ ही अभिभाषक संघ अध्यक्ष पवन बिल्लोरे, उपाध्यक्ष युवराज गुजराथी एवं सचिव रविन्द्र यादव सहित न्यायिक अधिकारीए अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारी और बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे। जिला सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में संविधान और कानून के शासन के महत्व पर प्रकाश डाला। बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्री बिल्लोरे ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## तिरंगे रंगों से सजा भगवान ओंकारेश्वर का दरबार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, ओंकारेश्वर** :ओंकारेश्वर में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भगवान ओंकारेश्वर के गर्भगृह को केसरिया, सफेद और हरे फूल-पत्तों से बड़े ही आकर्षक ढंग में सजाया गया। आस्था और देशभक्ति के इस पावन संगम के दर्शन कर यहाँ आए श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे की छटा में सजा ज्योतिर्लिंग भगवान

## देशभक्ति के रंग में डूबा आमला, शान से फहराया तिरंगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, आमलाः** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमला नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल तक देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। रिमझिम बारिश के बीच भी लोगों में आजादी का पर्व मनाने को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ। शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों, विद्यालयों और प्रमुख चौराहों पर गरिमापूर्ण ढंग से ध्वजारोहण किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या से ही नगर का नजारा बदला हुआ था। मुख्य मार्गों, प्रमुख चौक-चौराहों और सरकारी संस्थानों को केसरिया, सफेद और हरे रंग की एलईडी रोशनी से सजाया गया। रात में तिरंगे के रंगों से जगमगाता शहर आकर्षण का केंद्र रहा और बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे।

**बारिश भी नहीं डिगा सकी बच्चों का हौसलाः** स्वतंत्रता दिवस की सुबह रिमझिम बारिश के बावजूद स्कूली बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर विद्यालय पहुंचे। सुबह 8 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के प्रांगणों में छात्र-छात्राएं और शिक्षक



एकत्रित हो गए थे, जहां निर्धारित समय पर गरिमापूर्वक ध्वजारोहण किया गया।

**संस्थानों में हुआ ध्वजारोहणः** नगर पालिका परिषद आमला में नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी कामिनी ठाकुर, आमला थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर, सिविल अस्पताल में बीएमओ राकेश बछले तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य प्रमिला सांवले ने ध्वजारोहण किया। वार्ड क्रमांक 9 बस स्टैंड स्थित डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर परिसर में पार्षद खुशबू अतुलकर ने ध्वजारोहण किया। बोरदेही पुलिस विभाग में थाना प्रभारी राधेश्याम भट्टी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरदेही में प्राचार्य तारा डोंगरे ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय संस्थानों, पंचायतों और विद्यालयों में भी तिरंगा फहराया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समांः** स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देशभक्ति गीतों पर बच्चों के नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों एवं नागरिकों को मिठाई और प्रसाद वितरित किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दिलाया। ग्रामीण अंचलों में भी पंचायतों और विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल रहा।

## सांदीपनि विद्यालय में ध्वजारोहण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बांदरीः** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को उल्लास और देशभक्ति के माहौल में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा सिंह भी इस अवसर पर मौजूद रहीं।

अविराज सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त हर भारतीय के लिए गौरव का दिन है। इसी दिन वर्ष 1947 में देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ था। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। विद्यालय परिसर वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मुकेश जैन ने, जबकि ओमसांई राम स्कूल एवं प्राथमिक शाला



पठारीटोला में पार्षद श्रीमती द्रोपती सुरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्राचार्य देवेंद्र मिश्रा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विश्वनाथ सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, सुरेंद्र सिंह, राव राजा राजपूत, देवीदयाल कुशवाहा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई।

## खास-खबरें

### स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाहः** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शुक्रवार को तोलोबा उल कुल्लियत अल मोमिनून द्वारा सनावद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य नत्थूलाल मोरी हॉस्पिटल और संदीप पाटिल ब्लड सेंटर की संयुक्त टीम ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया और रक्तदान कर देशभक्ति का संदेश दिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा नेता अविराज ने दी श्रद्धांजलि



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बांदरीः** लोकतंत्र सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार स्व. डॉ. गौरीशंकर वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र कैलाश वर्मा व पत्रकार दिवाकर वर्मा के बड़े भाई कैलाश वर्मा के बीते दिनों स्वर्गवास होने के बाद शनिवार को युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने वर्मा निवास पर जाकर स्व. कैलाश वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश जैन, राव राजा राजपूत, अवधेश सिंह, देवीदयाल कुशवाहा, रमाकांत ताम्रकार आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज ने निकाली कावड़ यात्रा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भीकनगांवः** तहसील मुख्यालय पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा स्थानीय शंकर मंदिर के पीछे स्थित अहिल्या बावड़ी से प्रारंभ होकर नगर के मां गायत्री मंदिर तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु कावड़ लेकर बोल बम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

## स्वतंत्रता दिवस पर आजीवन कारावास काट रहे दो भाइयों को मिली आजादी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** स्वतंत्रता दिवस पर टेमला रोड़ स्थित जिला जेल में भी आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां आयोजित समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जेल प्रहरी जहां सम्मानित किए गए, वहीं आजीवन कारावास की सजा से दंडित दो कैदियों को अच्छे आचरण के चलते रिहाई मिल गई। इसके अलावा जेल प्रबंधन की ओर से अन्य दंडित बंदियों को भी 10 दिन की सजा माफी दी गई।

सुबह जिला जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद आयोजित समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान जेल अधीक्षक श्रीमती सिंह ने देश मेरा रंगीला गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। अधीक्षक के गायकी के इस हुनर को तालियां बजाकर सराहा गया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि इसमें कैदियों को भी अपनी कविता पाठ, शायरी एवं नृत्य कला की प्रस्तुति का अवसर दिया गया। बंदियों ने भी बिना संकोच किए प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान हर प्रस्तुति पर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद का नारा गुंजता रहा।

उप जेल अधीक्षक सुभद्रा ठाकुर ने बताया आजीवन कारावास से दंडित हाबु पिता सुमेर सिंह निवासी हरण कुंडिया थाना चैनपुर और राजु पिता समेर सिंह निवासी हरण कुंडिया थाना चैनपुर दोनों भाईयों को 14 वर्ष की मूल सजा व माफी सहित 20 वर्ष पुर्ण करने पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिहा कर दिया गया।

जेल अधीक्षक ने बताया जेल नियमावली के तहत अच्छे आचरण और समीक्षा बोर्ड की सिफारिश पर इन कैदियों को समय से पूर्व रिहा कर दिया गया। यह पहला अवसर है जब शासन स्तर पर यह नवाचार शुरु किया गया है। इससे कैदियों में सुधार होने के साथ ही आचरण में बदलाव आने की उम्मीद प्रबल होगी।

## जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का जश्न

**सेमरी हरचंद।** नगर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व देशभक्ति के जुनून, जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय संस्कृति एवं देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चौहान ने कहा कि आज हम आजादी का पावन पर्व मना रहे हैं, जिससे हमारा हृदय गर्व से भर उठता है। स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय की नसों में दौड़ती चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी असली ताकत हमारा मजबूत और जीवंत लोकतंत्र है, जिसमें जन-गण-मन की भावना सर्वोपरि है।

## महापौर अमृता यादव ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवाः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय प्रांगण में देशभक्ति और उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया। महापौर अमृता अमर यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी और शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी असंख्य वीरों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया के सामने मानवता की मिसाल पेश की है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और संकल्पों को दोहराने का अवसर भी है। हमें उन अमर शहीदों के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए, जिनके प्रयासों से देश स्वतंत्र हुआ।

परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा एवं निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने भी देशभक्ति का संदेश देते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले, राजेश यादव, अनिल वर्मा, विक्की भांवरे, पार्षद, एल्डरमेन सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## छतरपुर का चिकित्सा महाविद्यालय क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा : डॉ. राय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुरः** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय छतरपुर के नौगांव रोड स्थित परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह में चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. अमरदीप राय ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद चिकित्सकों, चिकित्सा स्टाफ एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया।

समारोह को संबोधित करते हुए डीन डॉ. अमरदीप राय ने कहा कि छतरपुर का नया चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बुंदेलखंड अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल क्षेत्र



में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने के साथ भविष्य के योग्य एवं समर्पित चिकित्सक तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

समारोह में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शर्मा, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुवर्ण सागर बाजपेयी, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विशाल श्रीवास्तव एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नवनीत तिवारी सहित चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छतरपुर के गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्धजन भी मौजूद रहे। अतिथियों ने चिकित्सा महाविद्यालय की प्रगति तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थितजनों को मिठाई वितरित की गई।

## नाबालिग बालिका को राजस्थान से बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बड़वाह।** बड़वाह पुलिस ने लापता हुई नाबालिग बालिका को राजस्थान से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी बालिका को शादी का झांसा देकर उदयपुर ले गया था, जहां उसके साथ गलत काम किया गया। आईजी इंदौर जोन एवं एसपी खरगोन के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर बालिका की तलाश शुरू की गई। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने बालिका का पता लगाया और उसे राजस्थान में आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कार्रवाई थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन के नेतृत्व में थाना बड़वाह पुलिस स्टाफ एवं साइबर सेल खरगोन की टीम ने की।

## भिण्ड में शान से लहराया तिरंगा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भिण्डः** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह डीआरपी लाइन में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना ने पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र सेनानियों तथा कारगिल शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

परेड में एसएएफ, जिला पुलिस बल पुरुष एवं महिला, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शौर्य दल और पुलिस बैंड ने भाग लिया। कलेक्टर ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया तथा रंगीन गुब्बारे छोड़े। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सजीव प्रसारण भी किया गया। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कलेक्टर ने जिले की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और अधोसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।